15. <u>परीक्षा का स्वरूप</u> :– आयोग द्वारा ओ॰एम॰आर॰ आधारित परीक्षा ली जायेगी। परीक्षा यदि विभिन्न समूहों में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का Normalisation किया जायेगा एवं मेधा सूची उनके प्राप्तांक के Normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात् उन्हें Normalised अंक ही दिया जायेगा।

**परीक्षा का स्वरूप निम्न प्रकार होगा :–**

**परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम** :– झारखण्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा सम्वर्ग के अधीन आशुलिपिक कोटि के पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षा दो चरण में ली जायेगी।

क) प्रथम चरण :– कौशल जाँच परीक्षा

ख) द्वितीय चरण :– लिखित परीक्षा

प्रथम चरण के कौशल जाँच परीक्षा में मात्र उत्तीर्णता प्राप्त करना आवश्यक होगा अर्थात् यह परीक्षा मात्र अर्हक प्रकृति (Qualifying Nature) का होगा।

कौशल जाँच परीक्षा मे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 10992 दिनांक 25.09.2012 के प्रावधानानुसार दिव्यांगजनों को सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेंगी।

**प्रथम चरण के कौशल जाँच परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही द्वितीय चरण अन्तर्गत लिखित परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा।**

क) <u>प्रथम चरण :– कौशल जाँच परीक्षा</u>:– कौशल जाँच परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। दोनों पत्रों की परीक्षा एक ही तिथि को आयोजित होगा।

**<u>प्रथम पत्र</u>** – इसके अन्तर्गत हिन्दी आशुलेखन की जाँच परीक्षा ली जायेगी जिसका मानदण्ड निम्नवत् होगाः–

**हिन्दी आशुलेखन की जाँचः**– इसमें हिन्दी आशुलेखन की जाँच हेतु 500 शब्दों को 50 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट तक हिन्दी श्रुतिलेख दिया जायेगा।

श्रुतिलेख आशुलेखन के विशेषज्ञ व्यक्ति के द्वारा उच्चारित किया जायेगा। श्रुतिलेख के पूर्व 01 (एक) मिनट का समय श्रुतिलेख का अभ्यास/तैयारी (Trail) हेतु दिया जायेगा। श्रुतिलेख का कम्प्यूटर पर टंकित करने हेतु 40 (चालीस) मिनट का समय दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त उम्मीद्वारों को कम्प्यूटर पर टंकण आरम्भ करने के पूर्व 5 (पाँच) मिनट का समय श्रुतिलेख को पढ़ने के लिए दिया जायेगा। श्रुतिलेख के टंकण की शुद्धि टंकण हेतु निर्धारित समय के अन्तर्गत ही करनी होगी। श्रुतिलेख के टंकण में उत्तीर्ण होने के लिए 5 (पाँच) प्रतिशत से अधिक गलतियाँ नहीं होनी चाहिए अन्यथा उन्हें अयोग्य करार दिया जायेगा।

<u>द्वितीय पत्रः</u>– इसके अन्तर्गत कम्प्यूटर योग्यता एवं चालन परीक्षा ली जायेगी। इसके अन्तर्गत एक तालिकावार आँकड़ा से संबंधित प्रश्न होगा। प्रश्न में दिये गये निर्देशों के अनुरूप निम्नांकित कार्य करने होंगेः–

क) उक्त तालिकावार आँकड़े को MS-Word पर टंकित करना।

ख) MS-Excel पर आंकड़ों की प्रविष्टि एवं औसत, जोड़ घटाव इत्यादि से संबंधित गणना।

ग) MS-Excel पर तैयार आंकड़ों के आधार पर Pie Chart तथा Bar Chart तैयार करना।

घ) MS-Excel पर तैयार आंकड़ों के आधार पर MS-Power Point में Power Point Presentation हेतु एक Slide तैयार करना होगा।

ङ) उपर्युक्त कंडिका– (क) से (घ) तक के तैयार सभी दस्तावेज (Document) का एक फोल्डर तैयार कर इसे दिये गये पते (E-mail-ID) पर भेजना होगा।

इस परीक्षा की कुल अवधि 1.5 (डेढ़) घंटा (90 मिनट) होगी तथा प्रत्येक खण्ड हेतु 25–25 अंक के हिसाब से कुल पूर्णांक 150 अंक का होगा, जिसमें उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

नोट– कौशल जाँच अन्तर्गत अभ्यर्थी को आशुलेखन जाँच परीक्षण एवं कम्प्यूटर योग्यता एवं चालन परीक्षण में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

ख) **<u>द्वितीय चरण : लिखित परीक्षा</u>** :–

लिखित परीक्षा के लिए दो पत्र होंगे। लिखित परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तरयुक्त होंगे। एक प्रश्न का पूर्ण अंक 3 (तीन) होगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जायेंगे तथा प्रत्यके गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक की कटौती की जायेगी। परीक्षा की भाषा हिन्दी/अंग्रेजी होगी। लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्रों का पाठ्यक्रम मैट्रिक स्तर का होगा।

**<u>प्रथम पत्र</u>** – इस परीक्षा की अवधि 03 (तीन) घंटे की होगी। इस पत्र में चार विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | हिन्दी भाषा का ज्ञान | – | 25 प्रश्न (75 अंक) |
| ख) | अंग्रेजी भाषा का ज्ञान | – | 25 प्रश्न (75 अंक) |
| ग) | सामान्य अध्ययन | – | 25 प्रश्न (75 अंक) |
| घ) | तर्क एवं मानसिक क्षमता जाँच | – | 25 प्रश्न (75 अंक) |
| | **कुल** | – | **100 प्रश्न (300 अंक)** |

**प्रथम पत्र में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।**

**<u>प्रथम पत्र का पाठ्यक्रम</u>**

क) हिन्दी भाषा का ज्ञान – इसके अन्तर्गत हिन्दी अनुच्छेद एवं हिन्दी व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

ख) अंग्रेजी भाषा का ज्ञान– इसके अन्तर्गत अंग्रेजी अनुच्छेद एवं अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

ग) सामान्य अध्ययन – इसके अन्तर्गत समसामयिक विषयों, भारत देश, झारखण्ड राज्य एवं सामान्य विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

घ) तर्क एवं मानसिक क्षमता जाँच – इसमें मैट्रिक स्तर के तर्क एवं मानसिक क्षमता जाँच हेतु शाब्दिक एवं गैर–शाब्दिक जिसमें सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, स्थान अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेशण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारण, अंक गणितीय तर्क शक्ति, शाब्दिक एवं चित्रात्मक वर्गीकरण, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला, गैर–शाब्दिक श्रृंखला, कूट लेखन एवं कूट व्याख्या आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

**<u>द्वितीय पत्र</u>**:– **<u>जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा</u>** : इस पत्र में उर्दू/संथाली/बंगला/मुण्डारी (मुण्डा)/हो/ खड़िया/ कुड़ूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/उड़िया में से किसी एक भाषा की परीक्षा विकल्प के आधार पर अभ्यर्थी दे सकेंगे। इस परीक्षा में संबंधित भाषा के 100 बहुवैकल्पिक प्रश्न (पूर्णांक 300 अंक) पूछे जायेंगे। इस परीक्षा की अवधि 02 (दो) घंटा की होगी।

चिन्हित क्षेत्रीय/जनजातीय भाषा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## द्वितीय पत्र का पाठ्यक्रम

### कुरमाली

1. **व्याकरण** : संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, भिन्नार्थक शब्द, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य – शुद्धिकरण।
2. **शिष्ट साहित्य** : कुरमाली – साहित्य के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता)
3. **लोक साहित्य** : कुरमाली लोकथा
   - लोकगीत – करम, बिहागीत, डमकच, बांदना (सोहराई)
   - झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानी
   - कुरमाली साहित्यकार एवं उनकी कृतियाँ
   - कुरमाली साहित्य का सामान्य परिचय

### हो

1. व्याकरण :– संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, काल, क्रिया, विशेषण, वचन, लिंग, पुरूष, पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द, कहावत, मुहावरे, पहेली काल आदि।
2. साहित्यः

   **(i)** **गद्य संग्रहः**– मगे मुनु जगर, मादेड़ साड़े, लको बोदरा, बले बुरू रेयः काअनि, रितुड़ गोन्डाई, लाङ ओए चिल्काते बोंडोलेयना।

   **(ii)** **पद्य संग्रहः**– गुलाब बड़ा, दिषुम, अबुअः भारत दिसुम, अम्बुल, जोनोम दिसुम, सिंगि।

### खोरठा

1. **गद्य भागः**– कहानी, एकांकी, नाटक, लघु उपन्यास
   - (क) खोरठा गद्य– पद्य संग्रह– प्रकाशक खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद बोकारो।
   - (ख) दू डाइर जिरहुल फूल
2. **व्याकरणः**– संज्ञा, सर्वनाम, कारक, लिंग निर्णय, मुहावरा, कहावत।

   सहायक पुस्तकें:–
   - (क) खोरठा सहित सदानिक व्याकरण – लेखक ए॰ के॰ झा
   - (ख) खोरठा व्याकरण – लेखक वासुदेव महतो
3. **निबंधः**– समसामयिक विषय पर

   सहायक ग्रन्थ – खोरठा निबंध संग्रह

   सम्पादक मंडल – कुमारी शशि, डॉ॰ विनोद कुमार, डॉ॰ बी॰ एन॰ ओहदार

   खोरठा निबंध – लेखक डॉ॰ बी॰ एन॰ ओहदार

### खड़िया

1. व्याकरण :– संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, अनेकार्थक शब्द, विलोम शब्द, उपसर्ग, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण, मुहावरा, बुझवाल, उल्टा शब्द।

2. **शिष्ट साहित्य** :– खड़िया पाठ्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)

3. **लोक साहित्य** :–

   (i) खड़िया कहानी (लोककथा)

   (ii) खड़िया गीत–पर'ब–तिहा, बिहा (केरसोड.), मुरड', कसासिड.।

   (iii) खड़िया साहित्यकार–जुलियुस बा', प्यारा केरकेट्टा, जोवाकिम डुँगडुँग, पौलुस कुल्लू।

   (iv) **निबंध** – शहीद तेलेंग खड़िया, खड़िया महासभा, बंदोई, जाड कोर, करम, मदेइत, जनम परब।

## <u>पंच परगनिया</u>

1. <u>**व्याकरण** :–</u> संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, उल्टा शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण, विशिष्ट शब्द, पत्र लेखन आदि।

2. **शिष्ट साहित्य**:– पंचपरगनिया साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)

3. लोक साहित्य–

   (i) मारांग बुरू,

   (ii) पूजा थान (देवस्थल)

   (iii) करम गीत, सँहरइ गीत, बिहा गीत, पुसगीत, मंतर गीत।

   (iv) बिरसा मुण्डा, स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े लोग

   (v) पंचपरगनिया साहित्यकार एवं उनकी कृति

   (vi) पंचपरगनिया साहित्य का परिचय

## <u>संथाली</u>

1. **व्याकरण** – संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग, पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण।

2. **शिष्ट साहित्य** – संताली–साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, गीत, कविता आदि)

3. लोक साहित्य –

   (क) आगिल हापड़ाम कोवा; काथा,

   (ख) आगिल हापड़ाम कोवा सेरेञ–एनेच्–बाहा, डाहार, सोहराय, काराम, दाँसाँय।

   (ग) माहात्मा गाँधी जियोन चरित।

   (घ) सिदो कानहू और तिलका माँझी जीवन एवं आंदोलन

   (ङ) संताली साहित्यकार एवं कृत्ति

   (च) संताली साहित्य का परिचय

## नागपुरी

1. **नागपुरी व्याकरण से–** वर्ण, संज्ञा, सर्वनाम, लिंग, वचन, विशेषण, क्रियाविशेषण, कारक, काल धातु, क्रिया, अव्यय, विपरीतार्थक शब्द, अनेकार्थक शब्द उपसर्ग–प्रत्यय, समास अनेक शब्दों के बदले एक शब्द, वाक्य शुद्धि।

2. **नागपुरी शिष्ट साहित्य से** – मंजर– भाग–2 से– शकुंतला मिश्र, डॉ॰ उमेशनन्द तिवारी

3. **नागपुरी लोक सहित्य से** – लोक गीत, लोक कथा, कहावत, पहेली, मुहावरे

## मुण्डारी (मुण्डा)

1. **व्याकरण** – संज्ञा, सर्वनाम, वचन, लिंग पुरूष, समान शब्द अर्थ अनेक, विलोम शब्द, प्रत्यय, वाक्य शुद्धिकरण।

2. **शिष्ट साहित्य** – मुण्डारी साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश–कहानी, गीत कविता।

3. **लोक साहित्य** – मुण्डारी लोक गीतों (बा, करम, जरगा, जतरा, जपि, अड़ान्दि)

## कुडुख़ (उराँव)

1. **व्याकरण** – संज्ञा, सर्वनाम, विषेषण, क्रिया विषेषण, लिंग, वचन, पुरूष, पर्यायवाची शब्द, विपरीतार्थक शब्दों के बदले एक शब्द, कहावत, मुहावरे, पहेली, काल आदि।

(क) **शिष्ट साहित्य** – कुडुख़ साहित्य पुस्तक के सभी पाठांश (कहानी, उपन्यास, नाटक, गीत, कविता)

2. लोक साहित्य –

(क) लोक कथा
(ख) लोक गीत
(ग) मुहावरे
(घ) कहावतें
(ङ) पहेली

## उड़िया

1. गद्य विभाग

(A) साहित्य – 2007 **(OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | दुनियार हालचाल | – | गोपाल चन्द्र प्रहराज |
| (b) | नारद स्तुति | – | डा॰ सदाशिव मिश्र |
| (c) | जातिय स्रोतरे वुद्विजीवी मानंक स्थान | – | डा॰ वैद्यनाथ मिश्र |
| (d) | स्वाधीन जातिर नूतन मूल्यवोध | – | डा॰ गोलक विहारी घल |

(B) आम साहित्य – 2007 **(OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उच्चाभिलाष | – | शशिभूषण राय |
| (b) | सेहि स्मरणीय दिवस | – | डा॰ हरेकृष्ण महताव |
| (c) | विद्या ओ विधार्थी | – | चित्तरंजन दास |

2. पद्य विभाग

**(A)** साहित्य – 2007 **(OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्कल संतन | – | मधुसूदन दास |
| (b) | नदी प्रति | – | मधुसूदन राउ |
| (c) | धउली पाहाड़ | – | पदमचरण पट्टनायक |
| (d) | आगामी | – | कालिन्दीचरण पाणिग्राही |
| (e) | बापुजी | – | डा॰ मायाधर मानसिंह |

**(B)** आम साहित्य – 2007 **(OBSE)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | युधिष्ठिरंक धर्म परीक्षा | – | शरला दास |
| (b) | रामचरित | – | उपेन्द्र भंज |
| (c) | छांट पुणि एडे से विराट | – | सच्ची राउतराय |
| (d) | ग्रामपथ | – | विनोद चनद्र नायक |

2. उड़िया साहित्यर इतिहास

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उड़िया साहित्यर आदि पर्व | – | सुरेन्द्र मंहान्ती |
| (b) | उड़िया साहित्यर इतिहास मध्य पूर्व | – | सुरेन्द्र मंहान्ती |
| (c) | उड़िया साहित्यर इतिहास | – | डा॰ मायाधर मानसिंह |
| (d) | उड़िया साहित्यर संक्षिप्त इतिहास | – | डा॰ वृंदावन आचार्य |

3. काव्य ओ कविता

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रीमद् भागवत (एकादश स्कन्द) | – | जगन्नाथ दा |
| (b) | तपस्विनी | – | गंगाधर मेहर |
| (c) | कारा कविता | – | गोपवन्धु दाश |

**4.** उपन्यास

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | छ´ माण आठगुण्ठ | – | फकीर मोहन सेनापति |
| (b) | माटिर मणीष | – | कालिन्दी चरण पाणीग्रही |

5. गल्प

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | गल्प श्वल्प (प्रथम भाग) | – | फकीर मोहन सेनापति |
| (b) | आजिर गल्प संकलन<br>(डिमिरी फुल , मागुणीर शगड, शिकार) | – | निमाइ चरण पटनायक |

6. नाटक

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कोणार्क | – | अश्विनी कुमार घोष |
| (b) | घर संसार | – | रामचन्द्र मिश्र |

7. व्याकरण

लिग, वचन, पुरूष, विभक्ति, अव्वय, क्रिया, संधि, समास, रूढ़ि प्रयोग, विपरीतार्थक शब्द, कुदन्त, तद्धित।

## Urdu

1. Prose

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Qaumi Hamdari | - | Hali |
| ii. | Guzra Howa Zamana | - | Sir Syed Ahmed Khan |
| iii. | Achhi kitab | - | Molvi Abdul Haque |

2. Poems

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | Tarana-e-Hind | - | Iqbal |
| ii. | O Desh se Aanewale Bata | - | Akhtar Sheerani |
| iii. | Nagma-e-Sahar | - | Josh Malihabadi |
| iv. | Barkha Rut aur Pardes | - | Hali. |

3. Grammar

i. Opposite
ii. Gender
iii. Singular
iv. Plural
v. Meanings.

## Bengali

1. Novel, Drama, Poetry

(A) Ramer Sumati- Sharatachandra
(B) Mukut-Rabindranath Thakur
(C) Shishu Kabyo (Selected)- Rabindranath Thakur
(i) Manjhi, (ii) Pujar Saj
(iii) Sukhdukkha (iv) kagajer Nouka

(D) Kabyo Sanchayan- Sahyendranath Dutta

(i) Mati (ii) Jharna

(iii) palkirgan (iv) Sagar Tarpan

2. Grammar- Bisheshya, Bisheshan, Sarbanam, Kirya, Linga, Bachan
3. Essay
4. Letter writing